मानव संसाधन प्रबंधन के गुर सीखे

रांची | प्रमुख संवाददाता

पतरातू स्थित जेएसपीएल में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान आईएमएम के विद्यार्थी।

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के एबीए एचआर सत्र 2018-20 के छात्र ने औद्योगिक भ्रमण के लिए जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के पतरातू प्लांट गए। यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य औद्योगिक संबंधों और कंपनी के प्रचलित मानव संसाधन प्रथाओं के विभिन्न पहलुओं और फैक्ट्री सेटअप को समझना था। छात्र दल के साथ सहायक प्रोफेसर सह समन्वयक डॉ पियाली घोष मौजूद थीं।

छात्रों को एक वीडियो के माध्यम से कंपनी से परिचित कराया गया, जिसने कंपनी की दृष्टि, विकास और विभिन्न सामाजिक प्रयासों को उजागर किया। प्लांट के हेड एचआर अधिकारी आरएन प्रसाद ने छात्रों को मानव संसाधन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि स्वचालन में वृद्धि के साथ श्रमिकों की भूमिका अपेक्षाएं बदल रही हैं। ऐसे में एचआर फंक्शन के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके लिए मानव संसाधन प्रबंधक का केंद्रित, प्रेरित, समर्पित और बिना कोई बहाना बनाए काम को अंजाम देना महत्वपूर्ण हो जाता है।

विद्यार्थियों को प्लांट से संबंधित प्रासंगिक श्रम कानूनों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद छात्रों को प्लांट के स्टील रोलिंग यूनिट के दौरे पर ले जाया गया।

उन्हें स्टील रोलिंग की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया गया और आवश्यक सुरक्षा उपायों का प्रदर्शन किया। छात्रों ने औद्योगिक संबंधों व संबंधित नीतिगत मामलों के बारे में भी जानकारी ली।

Hindustan, 10.02.2020, Pg.02(Supli)